# बस की टक्कर से बाइक सवार आईटीआई छात्र की मौत

## मुआवजे और नौकरी की मांग पर अड़े ग्रामीण, धरने पर बैठे; स्टेट हाईवे पर हुआ था हादसा

**अनूपगढ़।** यहां अनूपगढ़ -सूरतगढ़ स्टेट हाईवे पर बस और बाइक में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार आईटीआई के छात्र की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। छात्र की मौत के बाद परिजनों से शव लेने से इनकार कर दिया और जिला अस्पताल के बाहर धरने पर बैठ गए।

- **बुधवार को मृतक छात्र के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया। उन्होंने जिला अस्पताल के बाहर विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। ग्रामीणों और परिजनों की मुख्य मांगों में बस ड्राइवर और मालिक को तुरंत गिरफ्तार करना, पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा देना, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करना और बस के परमिट को रद्द कर उसे ब्लैकलिस्ट करना शामिल है।**

मृतक छात्र के पिता राकेश कुमार ने बताया- उनका बड़ा बेटा चंद्रभान आईटीआई की पढ़ाई कर रहा है। कॉलेज से छुट्टी के बाद मंगलवार शाम को वो अपने दोस्त हरीश के साथ बाइक पर घर आ रहा था। जब चंद्रभान और हरीश गांव 75 जीबी के पास पहुंचे तो सड़क के बीचों-बीच चिकनी मिट्टी पड़ी हुई थी, उस पर से लगातार वाहन गुजरने से धूल हवा में उड़ रही थी। धूल के कारण सामने से ओवरटेक करती आ रही रोडवेज बस उन्हें दिखाई नहीं दी। उन्होंने बताया कि बस काफी तेज गति से आ रही थी और बस ने बाइक को टक्कर मार दी। दोनों की टक्कर से पीछे बैठा चंद्रभान बस की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हरीश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बस का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया- पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। चंद्रभान का शव जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। बुधवार को मृतक छात्र के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया। उन्होंने जिला अस्पताल के बाहर विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। ग्रामीणों और परिजनों की मुख्य मांगों में बस ड्राइवर और मालिक को तुरंत गिरफ्तार करना, पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा देना, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करना और बस के परमिट को रद्द कर उसे ब्लैकलिस्ट करना शामिल है। अपनी विभन्न मांगों को लेकर चंद्रभान के परिजन और ग्रामीण जिला अस्पताल के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने पीब्ल्यूडी विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि विभाग द्वारा सड़क की समय-समय पर मरम्मत नहीं करवाई जा रही है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने पीब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है। सूचना मिलने पर नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष सतपाल मुंजाल, पंचायत समिति सदस्य मेघराज, सुभाष बोयत, महेश मेघवाल सहित कई गणमान्य लोग मौके पर पहुंचे। तहसीलदार दिव्या चावला और एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से शव का पोस्टमार्टम करवाने की समझाइश की, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। तहसीलदार दिव्या चावला ने बताया कि परिजनों के द्वारा मांगों से अवगत करवाया गया है। उन्होंने बताया कि परिजनों की मांगों को उच्च अधिकारियों को करवाया जाएगा।

# नीट पेपर लीक में गुरुग्राम से जयपुर तक फैला नेटवर्क

## जयपुर से पकड़े गए दो भाइयों के तार गुरुग्राम कनेक्शन से जुड़े

- **सीबीआई और एसओजी की जांच में यह भी सामने आया है कि दिनेश बिंवाल का सीकर आना-जाना लगातार रहता था**
- **सीबीआई कर रही आमने-सामने पूछताछ**

**जयपुर।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे सियासी घमासान भी तेज होता जा रहा है। जयपुर के जमवारामगढ़ से गिरफ्तार किए गए दो भाइयों दिनेश बिंवाल और मांगीलाल बिंवाल के कथित भाजपा संबंधों को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं भाजपा ने आरोपी को पार्टी का कार्यकर्ता मानने से इनकार किया है।

एसओजी द्वारा गिरफ्तार दिनेश बिंवाल पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा में जिला महामंत्री रह चुका बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीरें शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित कई भाजपा नेताओं के साथ वायरल हो रही हैं। जमवारामगढ़ से भाजपा विधायक महेंद्र पाल मीणा के जन्मदिन पर लगाए गए पोस्टरों की तस्वीरें भी सामने आई हैं।

मामले की जांच कर रही सीबीआई अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी ने गुरुग्राम से यश यादव को हिरासत में लेकर जयपुर पहुंचाया है। जांच एजेंसी का दावा है कि गिरफ्तार दोनों भाइयों ने यश यादव से पेपर खरीदा था। अब तीनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है, ताकि पूरे पेपर लीक सिंडिकेट का खुलासा किया जा सके। सीबीआई और एसओजी की जांच में यह भी सामने आया है कि दिनेश बिंवाल का सीकर आना-जाना लगातार रहता था, जहां उसका बेटा ऋषि नीट की तैयारी कर रहा था। एजेंसी को शक है कि ऋषि के जरिए पेपर 'राकेश' नामक व्यक्ति तक पहुंचा और वहां से करीब एक हजार छात्रों तक सर्कुलेट हुआ। दिनेश की पत्नी रजनी ने भी पति को निर्दोष बताते हुए कहा कि उनका किसी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने चिंता जताई कि उनका बेटा ऋषि, जो सीकर में रहकर तैयारी कर रहा था, उसके बारे में भी परिवार को कोई जानकारी नहीं मिल रही है। अब सीबीआई और एसओजी पेपर लीक नेटवर्क की हर कड़ी को जोड़ने में जुटी हैं। जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि आखिर एक प्रॉपर्टी कारोबारी और राजनीतिक संपर्क रखने वाले लोगों तक इतना बड़ा परीक्षा माफिया नेटवर्क कैसे पहुंचा।

# मुख्यमंत्री ने राजीविका से जुड़ी महिलाओं से किया संवाद

## पंसेरी गांव में ही मुख्यमंत्री का रात्रि विश्राम

**जालौर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जालौर के पंसेरी में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में राजीविका से जुड़ी महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुसार महिला, युवा, किसान और मजदूर के उत्थान के प्रण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इनके कल्याण से ही देश-प्रदेश का विकास होगा।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और उनके गरिमापूर्ण जीवन के लिए प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, घर-घर शौचालय का निर्माण, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण, हर घर नल से जल और जन-धन खाते खुलवाकर महिलाओं और बेटियों को सशक्त करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला नेतृत्व की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण की मजबूत पहल की।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मा वाउचर योजना के अंतर्गत फ्री सोनोग्राफी की



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जालौर के पंसेरी में भव्य स्वागत किया।

जा रही है। बालिकाओं को 13 लाख से अधिक साइकिलों और 44 हजार से अधिक स्कूटियों को वितरित कर लाभान्वित किया गया है। लाडो प्रोत्साहन योजना में बालिकाओं के जन्म पर 1 लाख 50 हजार रुपये का सेविंग बॉण्ड भी दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना से महिलाएं सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम बन रही हैं। प्रदेश में 17.5 लाख महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं। राजीविका ने महिला आत्मनिर्भरता को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा एवं महिलाओं के लिए निरंतर भर्तियां भी निकाल रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने ग्राम विकास रथ का अवलोकन किया और स्थानीय कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने एएनएम पद पर नवनियुक्त कार्मिक गीता विश्नोई, ममता कुमारी, भाग्यवती कुमारी और अनिता गोदारा से संवाद किया। कार्यक्रम में

- **महिला, युवा, किसान और मजदूरों का उत्थान राज्य सरकार का प्रण**
- **बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, घर-घर शौचालय, उज्ज्वला, लखपति दीदी जैसी योजनाओं से महिलाएं बनीं सशक्त**

सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, विधायक छगन सिंह राजपुरोहित, जीवाराम चौधरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मुख्यमंत्री से राजीविका से जुड़ी महिलाओं ने साझा किए अपने अनुभव पशु सखी ममता ने कहा किमैंने राजीविका के सहयोग से भैंस का दूध बेचकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारा है। मैं अन्य महिलाओं को भी राजीविका से जुड़ने के लिए प्रेरित करती हूं। आज गांव में मेरी सफल पशु सखी के रूप में पहचान बनी है।

# आरोपी अभ्यर्थियों को आवेदन संशोधन का अवसर नहीं

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 की पुन: परीक्षा को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि पेपर लीक, डमी अभ्यर्थी और अनुचित साधनों के प्रयोग के मामलों में आरोपित अभ्यर्थियों को आवेदन संशोधन का अवसर नहीं दिया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि 20 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली पुन: परीक्षा के लिए 16 मई से आवेदन संशोधन प्रक्रिया शुरू होगी, लेकिन जिन अभ्यर्थियों के खिलाफ परीक्षा की शुचिता भंग करने से संबंधित आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, उन्हें इस प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आयोग प्रत्येक प्रकरण का सूक्ष्म अध्ययन कर विधिसम्मत निर्णय लेगा।

# गंगासिंह युनिवर्सिटी के नाम से कई फर्जी सोशल एकाउंट्स

## पंद्रह दिन में नहीं हटे तो पुलिस कार्रवाई होगी

**बीकानेर।** यहां महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय (एमजीएसयू), बीकानेर ने विश्वविद्यालय के नाम, लोगो और पहचान का दुरुपयोग कर संचालित किए जा रहे अनधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट्स, पेजों और चैनलों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सार्वजनिक सूचना जारी कर ऐसे सभी फर्जी खातों को 15 दिनों के भीतर बंद अथवा डिलीट करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित अवधि में अनुपालन नहीं होने पर संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, व्हाट्सएप और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विश्वविद्यालय के नाम अथवा लोगो से मिलते-जुलते कई अनधिकृत अकाउंट संचालित किए जा रहे हैं, जिन्हें विश्वविद्यालय की किसी प्रकार की अनुमति प्राप्त नहीं है। प्रशासन ने आशंका जताई है कि इन फर्जी खातों के माध्यम से भ्रामक सूचनाएं प्रसारित कर विद्यार्थियों एवं आमजन के साथ धोखाधड़ी और वित्तीय ठगी की आशंका बनी रहती है। इससे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा के साथ-साथ विद्यार्थियों के हित भी प्रभावित हो सकते है। जारी सूचना में कहा गया है कि जो भी व्यक्ति या संस्था विश्वविद्यालय के नाम, लोगो अथवा पहचान चिह्न का उपयोग करते हुए बिना लिखित अनुमति सोशल मीडिया अकाउंट या चैनल संचालित कर रही है।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति इटावा, जिला-कोटा (राजस्थान)**

क्रमांक :- 135 - 42 दिनांक :- 11/05/2026

**ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति इटावा **सुरक्षा व्यवस्था** हेतु बजट 50.00 लाख की सीमा में सेवा प्रदाताओं पंजीकृत संवेदकों/सहकारी संस्थाओं/स्वयंसेवी संस्थाओं/भूतपूर्व सैनिक सहकारी संस्थाओं आदि से मानव संसाधन राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अन्तर्गत सेवाओं के उपापन के संबंध में ई-प्रोक्यूरमेंट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से ऑन लाईन निविदाएं दिनांक 21.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। सफल बोलीदाता की तकनीकी बिड दिनांक 22/05/2026 को प्रात 11.00 बजे खोली जायेगी। निविदाओं से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.agriculture.rajasthan.gov.in/dam/ पर भी देखा जा सकता है। UBN No.: DAM2627SLOB00089

राज.संवाद/सी/26/2699 सचिव



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल कालाडेरा (जयपुर)**

क्रमांक/न.पा.का./26-27/स्टोर/148 दिनांक 11.05.2026

**-: ई निविदा सूचना 02/2026-2027 :-**

नगर पालिका मण्डल, कालाडेरा द्वारा जन स्वास्थ्य शाखा में दिनांक 23.05.2026 तक बोली आमंत्रित की जाती है। जिसमें इच्छुक संवेदक/फर्म/आपूर्तिकर्ता द्वारा निविदा मे भाग लिया जा सकता है। उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेबसाईट WWW.SPPP.RAJ.NIC.IN. or www.EPROC.RAJASTHAN.GOV.IN पर देखी जाकर कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

UBN No. DLB2627SLRC04265, DLB2627SLRC04266

अधिशाषी अधिकारी

राज.संवाद/सी/26/2647 नगर पालिका कालाडेरा


# आरपीएससी आयोग का लिपिक गिरफ्तार

**अजमेर (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखने के लिए लगातार सख्त कदम उठा रहा है। आयोग की आंतरिक सतर्कता के चलते प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में डमी अभ्यर्थी बैठाने के मामले का खुलासा हुआ है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर विशेष संचालन समूह (एसओजी) ने आयोग में कार्यरत एक लिपिक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आयोग ने परीक्षा से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच की थी। जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधियां सामने आने पर आयोग सचिव ने 25 फरवरी 2025 को जयपुर स्थित एसओजी थाने में अभ्यर्थी राजेश कुमार मीणा के खिलाफ मामला दर्ज कराया।जांच में सामने आया कि अभ्यर्थी राजेश कुमार मीणा ने इतिहास विषय की परीक्षा में उपस्थिति पत्रक पर अपनी तस्वीर के स्थान पर डमी अभ्यर्थी की तस्वीर लगाई थी। इसके साथ ही हस्ताक्षर और जन्मतिथि में भी हेरफेर कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए। आरोपी ने इस धोखाधड़ी के माध्यम से मुख्य चयन सूची में 569वीं रैंक तक प्राप्त कर ली थी, लेकिन आयोग ने समय रहते पूरे मामले का खुलासा कर दिया। आयोग प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर एसओजी ने कार्रवाई करते हुए आयोग में कार्यरत लिपिक मानसिंह मीणा निवासी सोप, तहसील नादौती, जिला करौली को गिरफ्तार किया।


**कार्यालय नगर परिषद सवाई माधोपुर-राज0**

क्रमांकःन.प.स.मा./स्टोर शाखा/2025-26/1417 दिनांकः- 05.05.2026

**-:: निविदा सूचना वर्ष 2026/27 ::-**

नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा विभिन्न प्रकार के सामान सप्लाई कार्य/सर्विस प्रदाता एवं कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य अनुमानित लागत 02.00 लाख से 50.00 लाख रूपये है।, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारिख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राजस्थान सरकार के पोर्टल Website:- www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in बेवसाइट पर देखी एवं download कर प्राप्त की जा सकती है।

स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट का NIB CODE-DLB2627A1381

UBN CODE – DLB2627SSOB03812, DLB2627SSOB03893, DLB2627SSOB03894, DLB2627GSOB03895, DLB2627GSOB03896, DLB2627GSOB03897, DLB2627GSOB03900, DLB2627GSOB03920, DLB2627GSOB03923, DLB2627GLOB03924, DLB2627SLOB03925, DLB2627SLOB03927, DLB2627SLOB03928, DLB2627GSOB03872, DLB2627SSOB03898, DLB2627SSOB03919

राज.संवाद/सी/26/2661 आयुक्त, नगरपरिषद, सवाई माधोपुर


# जहरीला पदार्थ सेवन करने से दंपती अचेत

## प्राथमिक उपचार के बाद ब्यावर रैफर किया

**मसूदा।** क्षेत्र के राघपुरा गांव में पति-पत्नी ने किन्ही परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ सेवन करने का मामला सामने आया है। दोनों की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय अल्लादीन पुत्र समदा और उसकी पत्नी राजिया की अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन दोनों को निजी वाहन से चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर ब्यावर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और बयान लेने का प्रयास किया, लेकिन दोनों की हालत गंभीर होने के कारण बयान दर्ज नहीं हो सके।

वर्तमान में दोनों का उपचार जारी है। इसके अलावा निकटवर्ती धोला दाता गांव में खेत पर काम कर रहे एक वृद्ध की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक के पुत्र सावरा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता कम्मा पुत्र नोरत खेत में रिजका फसल की सुरक्षा के लिए कांटों की बाड़ लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन रात होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका। बुधवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# हमले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी (निसं)।** खेतड़ीनगर पुलिस ने देर शाम को अपहरण कर जानलेवा हमला करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले छह माह से फरार चल रहा था। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 30 अक्टूबर को कपिल निवासी खोजियों वाली तन लोयल ने रिपोर्ट दी कि उसके मोबाईल पर नवीन कुमार निवासी लोयल का फोन से घर से बाहर बुलाने पर बिना नम्बर को थार गाडी अन्य लडकों के साथ मेरे को जबरदस्ती जान से मारने की नियत से गाड़ी में डाल लिया।

# भिवाड़ी की फैक्ट्री में लगी आग, कर्मचारी सुरक्षित

**अलवर (निसं)।** भिवाड़ी की फाइबर फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। यह फैक्ट्री 16 फरवरी को हुए हादसे में 9 मजदूरों की मौत के बाद सील की गई थी। दोनों फैक्ट्री का मालिक एक ही है। फैक्ट्री पूरी तरह से पुलिस सुरक्षा में थी। घटना खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी में खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र की है। तिजारा डीएसपी शिवराज सिंह ने बताया- बुधवार सुबह 5-30 बजे सूचना मिली कि औद्योगिक क्षेत्र में एक सील फैक्ट्री की दूसरी मंजिल में आग लग गई है। आग किन कारणों से लगी, इसकी अभी जांच की जा रही है। दमकलकर्मी राकेश कुमार ने बताया- सुबह खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र से एक बंद फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। इस पर चार दमकल मौके पर पहुंची। डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान पार्टीशन के लिए रखे प्लास्टिक के बोर्ड और कुछ पटाखों के खाली बॉक्स जलकर राख हो गए। कंपनी में पटाखों का भारी स्टॉक था, लेकिन सील होने के कारण कोई कर्मचारी अंदर मौजूद नहीं था। आग बुझाने के लिए दूसरे फ्लोर के

- **9 मजदूरों की मौत के बाद यह फैक्ट्री भी बंद हुई थी**



फैक्ट्री में लगी आग लोगों को दूर तक दिखाई दी।

शीशे तोड़े गए। तिजारा डीएसपी ने बताया- फैक्ट्री कोर्ट के आदेश पर पूरी तरह सील थी और 24 घंटे कांस्टेबल की सुरक्षा में रखी गई थी। पुलिसकर्मी फैक्ट्री के बाहर तैनात थे। आग लगने का कारण अज्ञात है। कोई कर्मचारी अंदर नहीं था, इसलिए तत्काल बड़े नुकसान की आशंका कम है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बता दें कि 16 फरवरी को इसी मालिक की दूसरी फैक्ट्री में आग लग गई थी। जिसमें 9 मजदूरों की जिंदा जलने से मौत हो गई थी। मामले में भिवाड़ी पुलिस के तत्कालीन डीएसटी इंचार्ज मुकेश कुमार और कॉन्स्टेबल योगेश शर्मा की भूमिका सामने आई थी। इस घटना के बाद फैक्ट्री को सील कर दिया गया था। कॉन्स्टेबल योगेश शर्मा के भाई हेमंत कुमार शर्मा और फैक्ट्री संचालक हेमंत सचदेवा को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया था। दोनों फिलहाल जेल में हैं और मामला कोर्ट में विचाराधीन है। भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित दुग्गर फाइबर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बुधवार दोपहर करीब 1 बजे आग लग गई। आग ने कंपनी के पूरे प्लांट को चपेट में ले लिया। आग बुझाने के लिए 6 दमकल मौके पर पहुंची। रीको फायर इंचार्ज राजू खान ने बताया- दोपहर 1.15 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही भिवाड़ी फायर स्टेशन से तीन दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। बाद में कुल 6 दमकल गाड़ियां आग बुझाने के काम में लगाई गईं। यह कंपनी फाइबर उत्पाद बनाने का काम करती है। आग लगने से कंपनी में रखा कच्चा माल और तैयार उत्पाद जलकर राख हो गया है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है और इसकी जांच की जाएगी।

गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है और कंपनी के सभी कामगार सुरक्षित बताए जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और फायर अधिकारियों की टीम मौके पर मौजूद है और आग पर पूरी तरह काबू पाने के प्रयास लगातार जारी हैं। नगर परिषद फायर इंचार्ज नरेश मीणा ने बताया- कंपनी के पास फायर एनओसी नहीं है और कंपनी में आग बुझाने के कोई संसाधन भी उपलब्ध नहीं थे। इसलिए आग पर काबू नहीं पाया जा सका। फायर एनओसी को लेकर जांच की जा रही है।

# 28 लाख से अधिक की धोखाधड़ी का आरोप

**अजमेर, (कासं)।** रेलवे लोको वर्कशॉप में कार्यरत एक महिला कर्मचारी के साथ लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने ही सहकर्मी पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। आम का तालाब निवासी पीड़िता बसंती देवी ने बताया कि पति के निधन के बाद उन्हें रेलवे में अनुकम्पा नियुक्ति मिली थी। नौकरी के दौरान उनकी पहचान जयपुर निवासी एक सहकर्मी से हुई जो कैरिज वर्कशॉप में काम करता है। आरोपी ने खुद को बैंकिंग और लोन प्रक्रिया का जानकार बताते हुए कम समय में आसानी से लोन दिलाने का भरोसा दिलाया। पीड़िता के अनुसार उनका मकान गिरवी रखा हुआ था, जिसे छुड़ाने के लिए उन्हें पैसों की आवश्यकता थी। आरोपी ने मदद का भरोसा देते दिया।

# ट्रक में गुप्त केबिन से मिली अवैध शराब

**उदयपुर, (कासं)।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत एक्शन मोड में प्रदेश में अवैध शराब की तस्करी पर कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत उदयपुर एवं हनुमानगढ़ जिलों में भारी मात्रा में भारत निर्मित विदेशी मदिरा की खेप ट्रकों से जब्त की गई है। हनुमानगढ़ में अनुमानित 90 लाख एवं उदयपुर में 35 लाख रूपए लागत की अवैध मदिरा की सप्लाई चेन पर प्रभावी कार्रवाई की गई।

इस प्रकार दोनों कार्रवाई में अनुमानित एक करोड़ 25 लाख रूपए लागत की अंग्रेजी शराब की खेप जब्त की गई है। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत, उपायुक्त ईपीएफ प्रद्युम्न सिंह चुण्डावत एवं जिला आबकारी अधिकारी आदराम दहिया के नेतृत्व में खेरवाड़ा क्षेत्र में खांडी ओबरी टोल नाके पर ट्रक कंटेनर को रोककर तलाशी ली गई।


**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**
**रेलवे भर्ती बोर्ड, (आरआरबी)**

केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सीईएन) संख्या 01/2026

**सांकेतिक सूचना**

**सहायक लोको पायलट (ALP) के पदों पर भर्ती**

नीचे दी गई तालिका में दिए गए सहायक लोको पायलट लेवल-2 के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14.06.2026 है, सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन मोड (**https://www.rrbapply.gov.in**) के माध्यम से जमा किए जाने चाहिए।

**आवेदन शुरू होने की तिथिः** 15.05.2026
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः** 14.06.2026 (23:59 बजे)

| पद का नाम | 7वें सी.पी.सी के अनुसार वेतन स्तर | प्रारंभिक वेतन (₹) | पदानुसार शैक्षिणिक योग्यता एवं चिकित्सा मानक | आयु (01.07.2026 को) | संभावित रिक्तियां (सभी आर आर बी) |
|---|---|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट (एएलपी) | 2 | 19,900/- | विस्तृत सीईएन के अनुसार | 18-30 वर्ष | 11127 |

1. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरने के दौरान आधार का उपयोग करके अपने प्राथमिक विवरण को सत्यापित करें, ताकि गैर-आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के हर चरण में विशेष विस्तृत जांच के कारण असुविधा और देरी से बचा जा सके।
2. आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन प्राप्त करने के लिए, आधार में नाम और जन्म तिथि को 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र में उपलब्ध पूरे नाम और जन्म तिथि के साथ 100% मिलान करने के लिए अपडेट किया जाए। इसी तरह, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार को नवीनतम फोटो और नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट और आईरिस) के साथ अपडेट करने की आवश्यकता है।
3. यह अधिसूचना पूरी तरह से सांकेतिक प्रकृति की है, जो पूरी तरह से संभावित उम्मीदवारों को आगामी सीईएन के बारे में सूचित रखने और आवेदन करने के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र और दस्तावेजों के साथ तैयार रहने के उद्देश्य से जारी की गई है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती को नियंत्रित करने वाले सभी नियम, शर्तें, पात्रता मानदंड, प्रक्रियाएं और अन्य आवश्यकताएं पूरी तरह से विस्तृत सीईएन संख्या 01/2026 (किसी भी शुद्धिपत्र के साथ, जो समय-समय पर जारी की जा सकती हैं) के अनुसार होंगी जो विशेष रूप से नीचे सूचीबद्ध आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित की जाएंगी।

| CEN 01/2026 में प्रतिभागी RRBs की वेबसाईट | | |
|---|---|---|
| अहमदाबाद https://rrbahmedabad.gov.in | चेन्नई https://rrbchennai.gov.in | मुजफ्फरपुर https://rrbmuzaffarpur.gov.in |
| अजमेर https://rrbajmer.gov.in | गोरखपुर https://www.rrbgkp.gov.in | पटना https://www.rrbpatna.gov.in |
| बेंगुलुरु https://www.rrbbnc.gov.in | गुवाहाटी https://www.rrbguwahati.gov.in | प्रयागराज https://rrbpryj.gov.in |
| भोपाल https://rrbbhopal.gov.in | जम्मू-श्रीनगर https://www.rrbjammu.nic.in | रांची https://www.rrbranchi.gov.in |
| भुबनेश्वर https://www.rrbbbs.gov.in | कोलकाता https://www.rrbkolkata.gov.in | सिकंदराबाद https://rrbsecunderabad.gov.in |
| बिलासपुर https://rrbbilaspur.gov.in | मालदा https://rrbmalda.gov.in | सिलीगुड़ी https://www.rrbsiliguri.gov.in |
| चंडीगढ़ https://www.rrbcdg.gov.in | मुंबई https://www.rrbmumbai.gov.in | तिरुवनंतपुरम https://www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |

आर आर बी/अज/विज्ञापन/सी.ई.एन-01/2026 अध्यक्ष
दिनांकः 14/05/2026 रेलवे भर्ती बोर्ड

दलालों, बिचौलियों और नौकरी का झांसा देने वालों से सावधान रहें।